## एक नजर में

### स्व. खण्डेलवाल की जयंती पर व्याख्यान



इंदौर. भाजपा के आधार स्तंभ रहे स्व. प्यारेलाल खण्डेलवाल की 101वीं जयंती के अवसर पर इंदौर स्थित रवीन्द्र नाथ टैगोर सभागृह में व्याख्यान का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के आयोजक प्यारेलाल खंडेलवाल के पौत्र, भारतीय जनता पार्टी इंदौर के आईटी प्रभारी दीपांश खंडेलवाल पिछले 10 सालों से प्रतिवर्ष प्यारेलाल खण्डेलवाल की जयंती पर व्याख्यान के साथ ही गीत संगीत की प्रस्तुति का आयोजन कर रहे है. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के तौर पर शामिल हुए भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा कि स्व प्यारेलाल जी के बताये हुए मार्ग पर चलते चलते भाजपा परिवार आज वटवृक्ष बन गया है. जनसंघ से लेकर भाजपा तक एक विचार को जिन लोगों ने जिया उनमें से प्यारेलाल खण्डेलवाल भी एक थे. वरिष्ठ भाजपा नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनाराण जटिया ने प्यारेलाल खंडेलवाल को याद करते हुए कहा कि प्यारेलाल जी संगठन कार्य और अनुशासन की पाठशाला थे. उन्होंने मेरे जैसे कई कार्यकर्ताओं को गढ़ने का काम किया. इस अवसर पर आयोजक दीपांश खंडेलवाल ने बताया कि स्व. प्यारेलाल खण्डेलवाल जी ने मध्यप्रदेश में संगठन को स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। संगठन और कार्यकर्ताओं को गढ़ने में प्यारेलाल जी का अमूल्य योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया, नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, सांसद शंकर लालवानी, विधायक मालिनी गौड़, महेंद्र हार्डिया, सीतादेवी खण्डेलवाल, दीपांश खण्डेलवाल की उपस्थिति में हुआ।

### पशु चिकित्सकों की कॉन्फ्रेंस आज से




इंदौर. प्रदेश व शहर में पहली बार 17वीं एफएसएपीएआई इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित होने जा रही है, जिसमें दुनिया भर के 2000 विशेषज्ञ एक मंच पर जुटेंगे। 17 से 19 अप्रैल 2026 के बीच आयोजित होने वाली इस महाकुंभ में पालतू पशुओं की बीमारियां जैसे किडनी, आंखों और गंभीर ऑपरेशन के साथ ही बोनमैरो ट्रांस्प्लांट जैसे विषयों पर देश विदेश से आने वाले स्पीकर्स केस स्टडी के साथ जानकारी देंगे. यह आयोजन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएसएपीएआई) और यूनाइटेड स्मॉल एनिमल प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ द्वारा ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में करवाया जाएगा. इसमें देशभर के वेटरनरी प्रोफेशनल्स के साथ अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भी शामिल होंगे, जो सर्जरी, मेडिसिन, इमेजिंग और एनिमल वेलफेयर जैसे विषयों पर अपने अनुभव साझा करेंगे. ऑर्गेनाइजिंग कमिटी के प्रेसिडेंट डॉ एचएल साहू ने बताया कि कांफ्रेंस में जनरल सर्जरी के लिए ऑस्ट्रेलिया से डॉ चार्ल्स, ऑप्थेल्मोलॉजी के लिए पुर्तगाल से डॉ. रुई ओलिवेरा और नेफ्रोलॉजी के लिए ब्राजील से डॉ मार्शो आ रहे हैं. वाईस प्रेसिडेंट डॉ पदम जैन ने बताया कि डॉक्टर्स को नई तकनीक सीखने के लिए वीडियो की मदद ली जाएगी. ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ नरेंद्र चौहान ने बताया कि सम्मेलन के दौरान वैज्ञानिक सत्रों के साथ-साथ हैंड्स ऑन वर्कशॉप, इंटरएक्टिव सेमिनार और केस डिस्कशन भी आयोजित किए जाएंगे. खास बात यह है कि प्रतिभागियों को प्रैक्टिकल ट्रेनिंग का मौका भी मिलेगा, जिसमें सर्जरी और अन्य प्रक्रियाओं का लाइव अनुभव कराया जाएगा.

### 10 वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित



इंदौर. फिज़िक्सवाला (पीडब्ल्यू) के लिए आज का दिन गर्व और उत्सव का रहा, जब इसके कई विद्यार्थियों ने सीबीएसई कक्षा 10 बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उच्च अंक प्राप्त किए. इनमें कुछ विद्यार्थियों ने शत-प्रतिशत अंक हासिल कर देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया. इसके अतिरिक्त, पीडब्ल्यू विद्यापीठ, जो फिज़िक्सवाला के तकनीक-सक्षम ऑफलाइन केंद्र हैं, ने इंदौर में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया. इस समारोह में शहर के उन विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने सीबीएसई कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2026 में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया. परिणामों पर अपने विचार साझा करते हुए इंदौर के बिजनेस हेड कनिष्ट मिश्रा ने कहा हम परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हैं. विशेष रूप से उन विद्यार्थियों को बधाई, जिन्होंने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए. ये परिणाम निरंतर प्रयास और सही शैक्षणिक सहयोग प्रणाली को दर्शाते हैं. इस वर्ष सीबीएसई कक्षा 10वीं परीक्षा में 25 लाख से अधिक विद्यार्थी सम्मिलित हुए. इन विद्यार्थियों का प्रदर्शन यह दर्शाता है कि सुनियोजित ऑनलाइन एवं मिश्रित शिक्षण पद्धति शैक्षणिक सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है. संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, फिज़िक्सवाला अलख पांडेय, ने भी विद्यार्थियों को बधाई थी.

# बड़गोंदा गैंगरेप केस : दोनों आरोपियों के स्केच जारी, 10 हजार का इनाम घोषित

- पुलिस एक्शन मोड में...
- सरगर्मी से आरोपियों की तलाश



**महू. बड़गोंदा क्षेत्र में हुए गैंगरेप मामले को लेकर पुलिस ने अपनी कार्रवाई तेज कर दी है. इस सनसनीखेज घटना के बाद से पुलिस एक्शन मोड में है और आरोपियों की तलाश में लगातार जुटी हुई है. इसी क्रम में बड़गोंदा पुलिस ने दो संदिग्ध आरोपियों के स्केच जारी किए हैं, ताकि आम लोगों की मदद से उनकी पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार किया जा सके.**

जारी किए गए स्केच के आधार पर पुलिस को उम्मीद है कि आरोपियों तक पहुंचने में मदद मिलेगी. साथ ही, पुलिस ने आरोपियों की जानकारी देने वाले को 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा भी की है.

मामले की जांच के दौरान पुलिस लगातार संदिग्धों से पूछताछ कर रही है. अलग-अलग टीमों का गठन कर दबिश दी जा रही है. पुलिस तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर भी जांच को आगे बढ़ा रही है. आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है. गुरुवार को मामले की गंभीरता को देखते हुए जिले के वरिष्ठ अधिकारी भी बड़गोंदा थाने पहुंचे. इस दौरान एसपी, एएसपी और एसडीओपी ने मौके पर पहुंचकर जांच की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. अधिकारियों ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए. पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को स्केच में दिख रहे व्यक्तियों के बारे में कोई भी जानकारी हो, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार कर पीड़िता को न्याय दिलाया जा सके.

# शहर में एक और केयरटेकर चोरी कर हो गया फरार

- पहले भी इस तरह के मामले आ चुके हैं सामने
- एजेंसी से रखे स्टॉफ पर फिर उठने लगे सवाल
- पुराने मामलों के आरोपी अब तक पुलिस पकड़ से दूर


नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में घरेलू स्टाफ के जरिए वारदातों का सिलसिला थम नहीं रहा है. पहले तेजाजी नगर और द्वारकापुरी में नौकरों ने जहर देकर लाखों करोड़ों के जेवर उड़ाए और अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. वहीं ताजा मामला विजय नगर क्षेत्र से सामने आया है, जहां केयरटेकर ने घर से सोने की अंगूठी चोरी कर फरार हो गया.**

पुलिस के मुताबिक, स्कीम नंबर 74 निवासी अखिल शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्होंने बुजुर्गों की देखभाल के लिए रिदम उर्फ सोनू निवासी अमर टेकरी इंदौर को केयरटेकर रखा था. रविवार 12 अप्रैल की रात घर से सोने की अंगूठी गायब हो गई. संदेह के आधार पर केयरटेकर के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश की जा रही है. लगातार सामने आ रहे मामलों को देखते हुए पुलिस ने लोगों को सतर्क रहने और घर में काम करने वाले नौकर केयरटेकर का अनिवार्य रूप से पुलिस वेरिफिकेशन कराने की सलाह दी है. थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल का कहना है कि एजेंसी के जरिए स्टाफ रखने के बावजूद पूरी जानकारी और सत्यापन जरूरी है.

### पहले भी लाखों के जेवर ले भागे आरोपी...

शहर में इससे पहले भी इसी तरह की वारदातें हो चुकी हैं, जिनमें आरोपी अब तक पुलिस की पकड़ से दूर हैं, इसी तरह का एक मामला पिछले साल तेजाजी नगर थाना क्षेत्र की सिल्वर स्प्रिंग कॉलोनी का हैं, यहां रहने वाले बिल्डर मोहम्मद अनीस को नेपाली नौकर दीपक थापा ने खाने में जहर मिलाकर बेहोश किया और करीब डेढ़ करोड़ के जेवर लेकर फरार हो गया. आरोपी नेपाल भाग गया, जिसे अब तक नहीं पकड़ा जा सका. वहीं पिछले महिने द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में भी इसी तरह का एक मामला आया था, जिसमें बुजुर्ग ओमप्रकाश मूंगड़ और उनके नौकर दिलीप को जूस में जहरीला पदार्थ पिलाकर बेहोश कर आरोपी यश करीब 25 लाख के जेवर लेकर फरार हो गया था, पुलिस को आधार कार्ड और फुटेज मिले, लेकिन गिरफ्तारी नहीं हो सकी.



# 10 हजार के इनामी ड्रग्स के आरोपी को मंदसौर से दबोचा

**इंदौर. नशे पर प्रहार अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी लंबे समय से एनडीपीएस एक्ट के मामले में फरार चल रहा था.**

डीएसपी संतोष सिंह हाड़ा ने बताया कि पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत नारकोटिक्स विंग मंदसौर की टीम ने कार्रवाई करते हुए मोहसीन पिता मोहम्मद हुसैन निवासी सोनगिरी, थाना दलौदा जिला मंदसौर को दबोच लिया. आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था, जिसकी तलाश लगातार की जा रही थी. जिसके चलते उपर दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था. मुखबिर सूचना के आधार पर टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार किया.

# एचपीवी टीकाकरण ने पकड़ी रफ्तार, 69 फीसदी लक्ष्य किया पूरा

- अब तक 22,657 किशोरियों को लगाया जा चुका है टीका
- कॉलेजों में की जा रही काउंसलिंग से बढ़ी जागरूकता



नव भारत न्यूज

**इंदौर. जिले में एचपीवी टीकाकरण अभियान ने अब गति पकड़ ली है. 16 अप्रैल तक 22,657 टीके लगाए जा चुके हैं, जो निर्धारित लक्ष्य का करीब 69 प्रतिशत है. दरअसल, कॉलेजों में काउंसलिंग बढ़ा देने से स्वास्थ्य विभाग इस आंकड़े तक पहुंच पाया है.**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने बताया कि अभियान को तेज करने के लिए जिला प्रशासन के नेतृत्व में शासकीय और निजी महाविद्यालयों में लगातार उन्मुखीकरण, परामर्श और टीकाकरण सत्र आयोजित किए जा रहे हैं. इसका सकारात्मक असर भी सामने आ रहा है और किशोरियों के साथ अभिभावक भी जागरूक हो रहे हैं. डॉ. हासानी का कहना है कि मार्च में स्कूलों की परीक्षाओं के चलते अभियान की रफ्तार धीमी थी, लेकिन अब नियमित सत्र शुरू होने के बाद इसमें तेजी आई है. प्रशासन और शिक्षण संस्थानों का सहयोग लगातार मिल रहा है.

वहीं, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. तरुण गुप्ता का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें मैदान में सक्रिय हैं और स्कूल प्रबंधन, बच्चों व अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान कर रही हैं. जगह-जगह प्रस्तुतीकरण देकर टीकाकरण के महत्व के बारे में समझाया जा रहा है. शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में टीकाकरण सत्रों की मॉनिटरिंग भी की जा रही है. अधिकारियों का कहना है कि समन्वित प्रयासों से जल्द ही तय लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा.

# हेलमेट अभियान हुआ तेज, 4 हजार से ज्यादा हेलमेट बांटे

- नियम तोड़ने वालों को चालान के साथ दी जा रही समझाइश



नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस कमिश्नरेट का हेलमेट पहनें सुरक्षित रहें अभियान लगातार असर दिखा रहा है. अब तक 27 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंद वाहन चालकों को 4 हजार से अधिक हेलमेट वितरित किए जा चुके हैं, गुरुवार को पलासिया चौराहे पर आयोजित अभियान में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त आरके सिंह और यातायात प्रभारी डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे. इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने दोपहिया वाहन चालकों को रोककर हेलमेट के महत्व के बारे में समझाया. जिन चालकों के दस्तावेज पूरे थे, लेकिन हेलमेट नहीं पहना था, उन्हें पहले चालान किया, फिर जागरूक करते हुए हेलमेट भी दिया.

### जिम्मेदार चालकों का किया जा रहा सम्मान

अभियान के दौरान कई ऐसे वाहन चालक भी सामने आए जो स्वेच्छा से हेलमेट लगाए हुए थे. पुलिस अधिकारियों ने उनकी सराहना करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप उपहार देकर प्रोत्साहित किया. इस दौरान पुलिस कमिश्नर का कहना था कि सड़क हादसों में सिर की चोट सबसे घातक होती है, ऐसे में हेलमेट पहनना जीवन रक्षा के लिए बेहद जरूरी है. इसी उद्देश्य से शहर में लगातार जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, ताकि लोग नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके.



# ट्रैफिक प्रहरी अभियान में अब तक 3350 नागरिक जुड़े

- यातायात व्यवस्था में बेहतर योगदान देने वाले 4 प्रहरी सम्मानित
- ट्रैफिक प्रहरी अभियान को मिल रहा अच्छा जनसमर्थन

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए चलाए जा रहे ट्रैफिक प्रहरी अभियान में आम नागरिक बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं. अब तक 3350 लोग इस मुहिम से जुड़कर विभिन्न चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस की मदद कर रहे हैं.

गुरुवार को पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार ट्रैफिक प्रहरियों बसंत सोनी, अमृतपाल सिंह, माया मंडलोई और मनीष उपाध्याय को प्रशस्ति पत्र, शील्ड और उपहार देकर सम्मानित किया. इस मौके पर कमिश्नर ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आम नागरिकों को यातायात व्यवस्था में सहभागी बनाना और नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना है. बड़ी संख्या में लोग स्वेच्छा से जुड़कर ट्रैफिक प्रबंधन में सहयोग कर रहे हैं, जिससे शहर की व्यवस्था बेहतर हो रही है.

पुलिस के अनुसार, इच्छुक नागरिक क्यूआर कोड स्कैन कर गूगल फॉर्म भरकर इस अभियान से जुड़ सकते हैं और अपने सुविधानुसार समय व स्थान चुनकर ट्रैफिक प्रहरी की भूमिका निभा सकते हैं. इस पहल के जरिए नागरिक न सिर्फ ट्रैफिक पुलिस की मदद कर रहे हैं, बल्कि आम लोगों में नियमों के पालन के लिए जागरूकता भी फैला रहे हैं.

# ईरान-अमेरिका तनाव ने भारत को आत्मनिर्भर होने का दिया सबक

- एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संगोष्ठी का आयोजन




**इंदौर.** ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध का वैश्विक स्तर पर गहरा एवं नकारात्मक असर पडा है. जिसमें तेल आपूर्ति बाधित होने से ईधन की कीमतें बढ़ी है. प्राकृतिक गैस की कमी का असर उत्पादन पर प्रतिकुल रहा जो हमारे देश, प्रदेश एवं स्थानीय उद्योग एवं व्यापार की गतिविधियों सहित आयात निर्यात पर भी देखने को मिला है विशेषकर इस वैश्विक संकट का असर सूक्ष्म, लघु श्रेणी उद्योगों पर अधिकतम हुआ है. ईरान-अमेरिका तनाव ने भारत को ऊर्जा सुरक्षा और रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने का महत्वपूर्ण सबक दिया है.

यह बात स्वदेशी जागरण मंच के अभा. सह संगठन मंत्री सतीश कुमार ने मीडिया से चर्चा में कही. वे एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश एवं स्वदेशी जागरण मंच द्वारा संयुक्त आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में सम्मिलित होने आए थे. संगोष्ठी का आयोजन आज जाल सभागृह में किया गया था. इसमें मुख्य विषय ईरान-अमेरिका युध्द के प्रभाव से भारत को आत्मनिर्भरता की आवश्यकता और वर्तमान चुनौतिया एवं आर्थिक प्रभाव जैसे गंभीर मुद्दों पर चर्चा की गई. इसके पूर्व सतीश कुमार द्वारा मीडिया से चर्चा की गई. इसमें उन्होंने बताया कि वर्तमान परिस्थिति, ईरान-अमेरिका के बीच तनाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मारत को अपनी ऊर्जा और रक्षा जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करनी होगी. मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी जरूरी है. इस पर ध्यान देना होगा. दुनिया में निरंतर अस्थिरता बढ़ रही है और संकट व चुनौतियां आती जा रही है ऐसी स्थिति में हमें हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की जरूरत है. आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट व चुनौतियों से बचा सकता है. इस अवसर पर में स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक विशाल पुरोहित, प्रांत सम्पर्क प्रमुख डॉ सुरेश चौपडा, विभाग संयोजक विकास मिश्रा, जिला संयोजक महावीर जैन, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्यप्रदेश के अध्यक्ष योगेश मेहता सहित कई अन्य पदाधिकारीगण भी उपस्थित रहे.

### वैकल्पिक संसाधनों की ओर बढ़ना चाहिए

उन्होंने कहा कि समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक संसाधनों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए. सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं. एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री योगेश मेहता ने कहा कि प्रदेश में गैस आधारित उद्योगों पर 14 प्रतिशत वैट का भार आ रहा है तथा जीएसटी के कारण उद्योगों को वैट का कोई लाभ नहीं मिल रहा है जबकि अन्य पडौसी राज्यों में यही बैट दर 3 प्रतिशत तक की है. अतः प्रदेश के उद्योगों, नव निवेश एवं रोजगार को ध्यान में रखते हुए वैट की दर युक्तिसंगत करने हेतु प्रदेश सरकार को ठोस कदम उठाने की जरूरत है.

## एक नजर में

राजनीति में नया सवेरा विषय पर स्टेट प्रेस क्लब, मप्र में समूह चर्चा का आयोजन

# राजनीति में महिलाओं के आरक्षण का लाभ संपूर्ण समाज को मिलेगा




**इंदौर.** स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन करने के लिए आहूत तीन दिवसीय विशेष सत्र पर केन्द्रित समूह चर्चा राजनीति में नया सवेरा का आयोजन किया. समूह चर्चा में वक्ताओं ने लोकसभा-विधानसभा चुनाव में जल्द अवसर देने के लिए किए जा रहे प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताया और कहा कि महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में यह ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

अभिनव कला समाज सभागार में आयोजित समूह चर्चा में विषय प्रवर्तन करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. स्वाति तिवारी ने कहा कि प्रकृति ने जिसे सृजन की क्षमता दी है उससे बेहतर समाज कौन चला सकता है. पुरुषों से कहीं आगे का देख लेती हैं महिलाएं. उनमें आगे के साथ पीछे की दृष्टि भी होती है. डॉ. तिवारी ने कहा कि काल करे सो आज कर की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आधी आबादी के पक्ष में बड़ा फैसला लिया है. इस फैसले से केवल राजनीतिक दलों को ही नहीं वरन संपूर्ण महिला समाज को लाभ मिलेगा. चिकित्सक डॉ. विनीता कोठारी ने कहा कि मेडिकल में आरक्षण नहीं है इसके बावजूद मेडिकल में महिलाएं पुरुषों के बराबर हैं. उन्होंने कहा कि सिर्फ कुर्सी मिल जाने से ताकत नहीं मिलती, स्वयं में आत्मविश्वास पैदा करके हम समाज में बराबरी से खड़े हो सकेंगे. साहू समाज की अध्यक्ष एवं अधिवक्ता भावना साहू ने कहा कि राजनीति में भी बढे हुए अवसर महिलाओं का बेहतर चेहरा सामने लाने में मददगार साबित होंगे. कार्यक्रम को अधिवक्ता स्वाति मेहता, वरिष्ठ पत्रकार रचना जौहरी, शीतल राय, डॉ. सुनीता श्रीवास्तव, महिला कांग्रेस कमेटी की पूनम मिमरोट एवं भाजपा नेता शिवानी अड़सपुरकर ने भी संबोधित किया.

उन्होंने कहा कि इस फैसले से न केवल आधी आबादी का सम्मान बढ़ेगा बल्कि उन्हें देश के विकास में फैसले लेने की आजादी भी मिलेगी. प्रारंभ में स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने महिला आरक्षण को लेकर 1975 से लेकर 2023 तक उठाये गए क़दमों की जानकारी दी. संचालन पंकज क्षीरसागर ने किया. वूमंस प्रेस क्लब, म.प्र. की अध्यक्ष शीतल राय ने आभार व्यक्त किया.

### हम कामयाब होकर दिखाएंगे

डॉ. अरविंदर कौर सबरवाल ने कहा कि देखा गया है कि देश में आरक्षण का लाभ चुनिन्दा परिवारों तक सीमित रह जाता है. अब जब राजनीति में आरक्षण की बात चल रही है तो सभी दलों को ख्याल रखना होगा कि आरक्षण का लाभ कुछ परिवारों की जगह योग्य महिलाओं तक पहुंचे. क्षत्रिय मराठा महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वाति युवराज काशिद ने कहा कि जब देश का नेतृत्व महिला राष्ट्रपति और ऑपरेशन सिन्दूर का नेतृत्व महिला कर सकतीं हैं तो राजनीति में भी हम कामयाब होकर दिखायेंगे. विश्व हिंदू परिषद् मातृशक्ति विभाग की सह-संयोजिका ज्योति श्रीवास्तव ने कहा कि इस फैसले से हर क्षेत्र की महिलाएं राजनीति में आगे आएँगी क्योंकि मातृ शक्ति में राष्ट्र शक्ति समाहित है। उन्होंने राजनीतिक दलों से आग्रह किया कि चयन प्रक्रिया में चरित्रवान व्यक्तिव को प्राथमिकता दें।